भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3172
दिनांक 06 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

ओडिशा में एनटीपीसी विद्युत उत्पादन संयंत्र का निर्माण कार्य

3172. श्री रुद्र नारायण पाणी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ओडिशा के तालचेर में स्थापित किए जा रहे राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के विद्युत उत्पादन संयंत्र के निर्माण कार्य में और तेजी लाने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना में विलंब के क्या कारण हैं और किन-किन क्षेत्रों/क्षेत्रों में यह विलंब हो रहा है; और

(ग) क्या सरकार/एनटीपीसी एनटीपीसी के नए संयंत्र में नई परियोजना के लिए रोजगार/भर्ती में पूर्ववर्ती तालचेर ताप विद्युत केन्द्र के पूर्व कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : तालचेर ताप विद्युत परियोजना (चरण-III, 2x660 मेगावाट) ओडिशा राज्य के अंगुल जिले में कार्यान्वित की जा रही है। परियोजना की वर्तमान भौतिक प्रगति 51.4% है।

जिला प्रशासन, राज्य प्राधिकरण और अन्य पीएसयू/सरकारी संगठनों सहित सभी हितधारकों के सहयोग और घनिष्ठ समन्वय के साथ परियोजना के कार्यों में तेजी लाई जा रही है। परियोजना को वित्त वर्ष 2028-29 की पहली तिमाही में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

(ख) : तालचेर ताप विद्युत परियोजना में विलंब का कारण परियोजना स्थल से गुजरने वाली सड़क को बंद करने में देरी, राज्य सरकार द्वारा भूमि का भौतिक कब्जा/उपयोग का अधिकार

(आरओयू)/मार्गाधिकार(आरओडब्ल्यू) सौंपना, रेलवे साइडिंग क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाना और परियोजना स्थल पर जरूरी परियोजना सामग्री की अनुपलब्धता है।

(ग) : तालचेर ताप विद्युत स्टेशन (टीटीपीएस) को एनटीपीसी द्वारा दिनांक 03.06.1995 से पूर्ववर्ती ओडिशा राज्य विद्युत बोर्ड (ओएसईबी) से लिया गया था। ओएसईबी के पूर्व कर्मचारियों को एनटीपीसी की सेवाओं में शामिल किया गया था।

अनुबंध एजेंसियों द्वारा विभिन्न नौकरियों में तैनाती के लिए स्थानीय श्रमिकों को उनकी दक्षता, अनुभव और परियोजना की आवश्यकताओं के अनुसार उचित प्राथमिकता दी जा रही है।

****